# कलेक्टर द्वारा जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के तत्काल निराकरण के निर्देश दिए

## कलेक्टर द्वारा एक आवेदक को 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई



झाबुआ (आरएनएस) । कलेक्टर नेहा मीना द्वारा मंगलवार को प्रात: 11 बजे जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई ली गई। आवेदिक बाबु पिता अम्बा राम रावत निवासी माधोपुरा वार्ड क्रमांक 13 तहसील व जिला झाबुआ द्वारा बताया गया कि वह दिव्यांग है एवं आर्थिक स्थिती ठीक नहीं है। आवेदक द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान करने का निवेदन किया गया है। जिससे कलेक्टर द्वारा 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। आवेदक समस्त शांतिलाल, मड़िया दामनीय पिता उकार निवासी ग्राम डाबड़ी तहसील पेटलवाद द्वारा बताया गया कि विपक्षीयों ने उनके घर पर जबरन कब्जा करना एवं जान से मारने की धमकी देने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदक जालू पिता नानजी कटारा द्वारा बताया गया कि उनके वन अधिकार पट्टे में नाम संशोधित करने के संबंध मे आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदक समस्त ग्राम भक्तिया पंचायत कालीघाटी तहसील पेटलवाद द्वारा बताया गया कि भीमा पिता तेजा, कमली पति भीमा, मयाराम पिता भीमा एवं कल्ला पिता मयाराम द्वारा आंगनवाड़ी व स्कूल की भूमि पर मकान बनाकर अतिक्रमण किया गया है। हटाने का बोलते तो जान से मारने की धमकी देने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदक बहादुर पिता हरु भील निवासी ग्राम धामनी कटारा तहसील रानापुर द्वारा बताया गया कि विपक्षीयों ने शासकीय भूमि का पट्टा अपने नाम किया गया है उस शासकीय भूमि का पट्टा को निरस्त करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर नेहा मीना द्वारा सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। इस प्रकार विभिन्न विभागों से संबंधित जनसुनवाई में कुल 25 आवेदन आए।



चित्रकूट । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चित्रकूट में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहायता समूह द्वारा क्रय किए गए स्ट्रॉ रीपर मशीन एवं सुपर सीडर मशीन को हरी झंडी दिखाई

# यूनियन कार्बाइड का कचरा जलाने के पहले मास्टर ट्रेनर करेंगे संवाद

धार(आरएनएस)। पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड के कचरे के निष्पादन के संबंध में लोगों को जागरुक करने के लिए सोमवार का जिला पंचायत सभागार में मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया। वे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लोगों



के पास जाकर यूनियन कार्बाइड का कचरा जलाने से कोई नुकसान नहीं होने के बारे में जानकारी देंगे। इसके लिए दस बिंदुओं पर आधारित एक प्रश्नावली और उसके उत्तर भी तैयार किए गए हैं। इसके आधार पर लोगों से संवाद किया जाएगा। उनका भ्रम दूर किया जाएगा। मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के कर्मचारी, अधिकारी, शिक्षक और ऐसे योग्य लोग शामिल हुए, जो लोगों को आसानी से समझा सकते हैं। यह पहल महत्वपूर्ण कवायद के रूप में की गई है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक चौधरी भी मौजूद थे। कलेक्टर मिश्रा ने इस बारे में मास्टर ट्रेनरों से कहा कि वे प्रश्नावली क आधार पर विशेष रूप से काम करके लोगों को जागरुक करें।

# माने का बड़ा मान बने अध्यक्ष अटकलो पर लगा विराम

बुरहानपुर (ए.)। भाजपा संगठनात्मक चुनावी प्रक्रिया के तहत पहले मंडल अध्यक्षों का मनोनयन और उनके



द्वारा जिला अध्यक्ष का चयन इस प्रक्रिया में सांसद और विधायक के बीच रशाकशी के चलते सांसद गुट से 6 और विधायक गुट से 6 मंडल अध्यक्ष चुने गए जिन्हें जिला अध्यक्ष का चयन करना पर सांसद और विधायक के बीच गुटबाजी में मामला प्रदेश हाई कमान तक पहुंचा सांसद अपने गुट से भाजपा का जिला अध्यक्ष बनने के लिए जोर लगा रहे थे वही विधायक वर्तमान जिला अध्यक्ष डॉ मनोज माने को पुन: अध्यक्ष नियुक्त करने के लिए जोर आज माइश कर रही थी और वह इस में सफल भी हुई बड़ी कशमकश के बाद सोमवार देर शाम चुनाव प्रभारी खातेगांव विधायक की मौजूदगी में प्रदेश कार्यालय से डॉक्टर मनोज माने के नाम से पत्र जारी हुई दरअसल विधानसभा चुनाव 2023 के बाद अचानक पार्टी में गुटबाजी के चलते सांसद समर्थित मनोज लधवे के स्थान पर जनवरी 2024 को डॉक्टर मनोज माने को पार्टी का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया था तभी से सांसद गुट डॉ मनोज माने का विरोध करता आया है। समय-समय पर पार्टी बैठकों में सांसद और विधायक गुट के लोग आपस में भिड़ते नजर आए हैं। संगठन के इस चुनाव में सांसद अपने व्यक्ति को जिला अध्यक्ष बनाना चाहते थे लेकिन विधायक डॉक्टर मनोज माने की दोबारा ताजपोशी के लिए पार्टी आलाकमान में पुन: ताजपोशी के लिए अड़ी रही और सफल हुई

# एबीसी सेंटर पर ज्यादा से ज्यादा आवारा कुत्तों का करें वैक्सीनेशन : कलेक्टर श्रीमती चौहान

## कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त ने किया एबीसी सेंटर का औचक निरीक्षण



ग्वालियर (आरएनएस) । एनीमल बर्थ कंट्रोल सेंटर की क्षमताओं का पूरा उपयोग करें। सेंटर में हर दिन शहर से ज्यादा से ज्यादा स्ट्रीट डॉग (आवारा कुत्ते) पकड़कर उनकी नसबंदी एवं रेबीज वैक्सीनेशन कराएं। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने बिरलानगर रेलवे पुल के नीचे नगर निगम द्वारा संचालित एबीसी (एनीमल बर्थ कंट्रोल सेंटर) के निरीक्षण के दौरान दिए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अमन वैष्णव भी उनके साथ थे। टेंडर प्रक्रिया क माध्यम नगर निगम द्वारा यह सेंटर सिद्धांत सोसायटी फॉर एनीमल केयर द्वारा संचालित कराया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने इस अवसर पर निर्देश दिए कि एनीमल बर्थ कंट्रोल सेंटर के सीसीटीव्ही कैमरों में प्रतिदिन आने वाले स्ट्रीट डॉग की रिकॉर्डिंग की जाए। साथ ही हर दिन जितने भी स्ट्रीट डॉग की नसबंदी, इलाज व रेबीज वैक्सीनेशन किया जाता है, उसका पूरा - पूरा हिसाब रखा जाए। सीसीटीव्ही कैमरे व रिकॉर्ड में मिलान न होने पर संस्था के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने इस दौरान संस्था के रिकॉर्ड व सीसीटीव्ही कैमरे के फुटेज भी देखे। साथ ही ऑपरेशन थियेटर, कुत्तों को रखने के स्थल व उपचार कक्ष सहित यहाँ की अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने नगर निगम के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी को यहां की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा सेंटर की सतत निगरानी रखकर इसकी क्षमताओं का उपयोग कराएं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती चौहान ने नगर निगम आयुक्त से एनीमल बर्थ कंट्रोल सेंटर के बाहर व भीतर साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर कराने के लिये कहा। साथ ही सेंटर के बाहर से निकल रही नाली को पाइप लाइन डालकर व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। नगर निगम के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनुज शर्मा ने बताया कि एबीसी सेंटर में आवारा कुत्तों को पकड़कर नसबंदी की जाती है। साथ ही एंटी रेबीज की वैक्सीन लगाकर उन्हें चार से पाँच दिनों तक सेंटर में उत्तम क्वालिटी का भोजन देकर रखा जाता है। संस्था द्वारा जियो टैग फोटोग्राफी व वीडियो रिकॉर्डिंग की जाती है। एबीसी में अब तक लगभग 4 हजार कुत्तों की नसबंदी के साथ-साथ एंटी रेबीज का वैक्सीनेशन किया जा चुका है। साथ ही लगभग 400 बीमार व घायल कुत्तों का उपचार भी किया गया है।

## पुलिस कमिश्नर इंदौर ने स्व. देवेन्द्र चंद्रवंशी की धर्मपत्नी को पदक देकर, किया सम्मानित

इंदौर (आरएनएस)। वर्ष 2020 के कोरोना काल के शुरुआती समय , जब इस खतरनाक बीमारी के संबंध में कोई जानकारी नहीं थी और यह अपने आप में एक अदृश्य शत्रु था, उस संकट के समय भी हमारे कोरोना वॉरियर्स ने फ्रंट लाईन में आकर इस वैश्विक महामारी से जंग लड़ रहे थे, और इसी जंग में हमारे इंदौर पुलिस के कर्मवीर योद्धा जूनी इंदौर थाने के तत्कालीन टीआइ स्व. देवेंद्र चंद्रवंशी, इस अदृश्य शत्रु से लड़ते हुए शहीद हो गये थेकोरोना की इस वैश्विक महामारी की रोकथाम एवं इसकी चुनौतियों से संघर्ष में अथक परिश्रम एवं उत्कृष्ट कर्तव्यपरायणता से जंग लड़ने वाले फ्रंट लाईन वॉरियर्स पुलिसकर्मियों को मध्य प्रदेश शासन द्वारा कोरोना कर्मवीर योद्धा पदक प्रदाय किये गए हैं।इंदौर पुलिस के इस वीर सपूत स्व. श्री देवेंद्र चंद्रवंशी को भी मरणोपरांत उक्त कोरोना कर्मवीर योद्धा पदक प्रदाय किया गया है। आज दिनांक 13.01.25 को पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर संतोष कुमार सिंह द्वारा स्व देवेंद्र चंद्रवंशी की धर्मपत्नी सुषमा चंद्रवंशी को उक्त पदक प्रदाय कर सम्मानित किया गया।

## व्यापार समाचार

# रिलायंस बनाएगा महाकुंभ में कैम्पा-आश्रम, तीर्थ यात्री कर सकेंगे आराम

प्रयागराज (आरएनएस)। रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) महाकुंभ में 'कैम्पा आश्रम बनाने जा रहा है। इन विशेष तौर पर बनाए गए विश्राम स्थलों में तीर्थयात्री आराम करने के साथ साथ जलपान भी ग्रहण कर सकेंगे। कैम्पा आश्रम को इस तरह डिजाइन किया गया है कि तीर्थयात्रियों को सुरक्षित और शांत स्थान मिल सके। इसके अलावा रिलायंस कुंभ क्षेत्र में तीर्थयात्रियों की सहायता के लिए स्पष्ट और आसानी से पढ़े जाने वाले साइनेज और दिशासूचक बोर्ड भी लगा रहा है।

रिलायंस कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स लिमिटेड के सीईओ केतन मोदी ने कहा कि महाकुंभ प्रयागराज 2025 में हमारी भागीदारी इस भव्य आध्यात्मिक समागम की भावना को सम्मान देने के लिए है। एक कंपनी के रूप में, हम भारतीय परंपराओं से गहराई से जुड़े हैं। इस पवित्र आयोजन के दौरान समुदाय की सेवा कर हम भारतीय उपभोक्ता की विरासत को नया रूप दे रहे हैं। बताते चलें कि महाकुंभ के पावन पर्व की शुरुआत हो चुकी है।

पौष पूर्णिमा को महाकुंभ का पहला स्नान 13 जनवरी को किया गया। देश के कोने-कोने से भक्त प्रयागराज आए हैं। कुंभ के पहले दिन स्नान के लिए त्रिवेणी पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। रिलायंस ने कहा है कि कंपनी को दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागमों में से एक, महाकुंभ प्रयागराज 2025 में भाग लेने और सेवाकार्य करने का सौभाग्य मिला है। महाकुंभ का पहला अमृत स्नान (शाही स्नान) 14 जनवरी को किया जाएगा।

## छत्तीसगढ़ के रायपुर में मई 2025 में होगा 13वां फार्मा फेयर, इंडियन फार्मा फेयर का ऐलान

रायपुर (आरएनएस) । इंडियन फार्मा फेयर ने ऐलान किया है कि 13वां फार्मा फेयर अब छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मई 2025 में होगा। इसमें देशभर से फार्मा सेक्टर से जुड़ी मैन्युफैक्चर कंपनियां, मार्केटिंग कंपनियां और इस बिजनेस से जुड़े लोग शामिल होंगे। इस फेयर के दौरान वे अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए बी टू बी यानि बिजनेस टू बिजनेस समझौते कर सकेंगे।

इंडियन फार्मा फेयर के निदेशक बी.एस. भंडारी ने बताया कि रायपुर में होने वाले 13 वें फार्मा फेयर के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस फेयर को विशाल स्तर पर किया जाएगा। इस आयोजन की तारीखों का ऐलान बहुत जल्द कर दिया जाएगा। इस फेयर में हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, केरल, जम्मू कश्मीर, गुजरात, महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश समेत विदेशी कंपनियों के भी शामिल होने की सहमति दी है।

उन्होंने बताया कि हाल ही 10-11 जनवरी को राजस्थान की राजधानी जयपुर के जवाहर सर्किल स्थित ऐंटरटेनमेंट पैराडाइज में इंडियन फार्मा फेयर का 12वां संस्करण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रतिष्ठित आयोजन को राजस्थान केमिस्ट एलायंस का समर्थन प्राप्त हुआ। समापन समारोह में राजस्थान के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास रहे। भंडारी ने बताया कि इस आयोजन में फार्मास्युटिकल उद्योग की 70 से अधिक प्रमुख विनिर्माण और विपणन कंपनियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने अपने नवीनतम उत्पादों और नवाचारों का प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शनी फार्मा उद्योग के लिए व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने और नए अवसर प्रदान करने का एक उत्कृष्ट मंच साबित हुई।

नेक्सकेम बायोटेक के मैनेजिंग डायरेक्टर देवेंद्र सिंह चौधरी ने इंडियन फार्मा फेयर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह फेयर भारत में फार्मा उद्योग के विकास को नई दिशा देने में सहायक सिद्ध हो रहा है। प्रदर्शनी में जोधपुर के फार्मा एतंरप्रन्योर डॉ. अशोक गौड़ ने भी भाग लिया।

# शेयर बाजार में गिरावट के साथ अडानी को 5.06 अरब डॉलर की संपत्ति का नुकसान

## दुनिया के अमीरों की सूची में 22वें स्थान पर पहुंचे, एलन मस्क टॉप पर



नई दिल्ली,(ए.)। देश के तीसरे बड़े औद्योगिक घराने अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी के लिए सोमवार का दिन काफी चुनौतीपूर्ण रहा। शेयर बाजार में भारी गिरावट का असर अडानी ग्रुप के शेयरों पर भी पड़ा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबक सोमवार को गौतम अडानी की संपत्ति में 5.06 अरब डॉलर यानी करीब 4,37,71 करोड़ रुपए की भारी गिरावट दर्ज की गई। अडानी को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। इसके चलते वह दुनिया के अमीरों की सूची में नीचे गिरकर 22वें स्थान पर पहुंच गए। इस साल अब तक उनकी संपत्ति में 12.7 अरब डॉलर की गिरावट आई है।

दुनिया के टॉप 20 अमीरों में से केवल चार की नेटवर्थ में तेजी आई। एलन मस्क 432 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ टॉप पर अपनी जगह बनाए हुए हैं। सोमवार को उनकी नेटवर्थ में 6.17 अरब डॉलर की तेजी आई। जेफ बेजोस 238 अरब डॉलर के साथ दूसरे, मार्क जकरबर्ग 215 अरब डॉलर के साथ तीसरे, लैरी एलिसन 181 अरब डॉलर चौथे और बर्नार्ड अरनॉल्ट 176 अरब डॉलर के साथ पांचवें नंबर पर बने हुए हैं।

इसके बाद लैरी पेज 169 अरब डॉलर, सर्गेई ब्रिन 159 अरब डॉलर, बिल गेट्स 158 अरब डॉलर, स्टीव बालमर 145 अरब डॉलर और वॉरेन बफे 139 अरब डॉलर के नंबर पर है। इस बीच देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में सोमवार को 1.23 अरब डॉलर की गिरावट आई। वह 90.2 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 17वें स्थान पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 44.2 करोड़ डॉलर की गिरावट आई है। सोमवार को बीएसई सेंसेक्स में एक हजार अंक से अधिक गिरावट आई। इससे बीएसई लिस्टेड कंपनियों के कुल मार्केट कैप में करीब 14 लाख करोड़ रुपए की गिरावट आई।

## भारतीय शेयर बाजार बढ़त के साथ खुला, एचसीएलटेक के शेयरों में 9 फीसदी की गिरावट

मंगलवार को भारतीय घरेलू शेयर बाजारों में बढ़त के साथ शुरुआत हुई। हालांकि एचसीएलटेक का शेयर 9% गिर गया। कंपनी के तीसरी तिमाही के नतीजों ने ब्रोकरेज फर्मों को प्रभावित नहीं किया। नुवामा ने एचसीएलटेक की रेटिंग खरीदें से घटाकर होल्ड कर दी। सुबह 9:16 बजे तक एनएसई निफ्टी 50 इंडेक्स 113.60 अंकों (0.49%) की बढ़त के साथ 23,199.55 पर था, और बीएसई सेंसेक्स 370.21 अंकों (0.49%) की बढ़त के साथ 76,700.22 पर था।

विशेषज्ञों का कहना है कि बाजार अब अपनी वास्तविक कीमतों की ओर लौट रहा है। बड़ी कंपनियों के शेयरों में भी ये बदलाव दिख रहा है। डॉलर की मजबूती, अमेरिका के 10-वर्षीय बॉन्ड यील्ड का 4.7त्न से ऊपर जाना, और डोनाल्ड ट्रंप के 20 जनवरी के बाद की अनिश्चितता जैसी वजहें मिलकर बाजार में इस सुधार का कारण बने हैं। सोमवार को निफ्टी 1.5त्न गिरा, जो लगातार चौथा और सात में छठा गिरावट वाला दिन था।एक्सिस सिक्योरिटीज के रिसर्च हेड अक्षय चिनचालकर ने बताया कि 22,830-23,000 का स्तर महत्वपूर्ण समर्थन प्रदान कर सकता है। यह भी कहा कि बाजार में हाल की गिरावट के बाद थोड़ी रिकवरी संभव है, लेकिन यह ज्यादा समय तक टिकेगी नहीं।

## शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 16 प्रतिशत बढ़कर 16.90 लाख करोड़ रुपये हुआ

नई दिल्ली (ए.)। भारत का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष के 1 अप्रैल 2024 से 12 जनवरी 2025 के बीच 16.90 लाख करोड़ रुपये रहा है। इसमें पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 15.88 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया है। यह जानकारी इनकम टैक्स डिपार्टमेंट द्वारा संकलित किए गए ताजा आंकड़ों से मिली।

समीक्षा अवधि के दौरान सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 19.94 प्रतिशत बढ़कर 20.64 लाख करोड़ रुपये हो गया है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 17.21 लाख करोड़ रुपये था। इस अवधि के दौरान व्यक्तिगत आयकर संग्रह पिछले वित्त वर्ष के 7.2 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 21.6 प्रतिशत बढ़कर 8.74 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि कॉर्पोरेट कर संग्रह वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में 7.10 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 8.12 प्रतिशत बढ़कर 7.7 लाख करोड़ रुपये हो गया। सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स (एसटीटी) संग्रह, जो प्रत्यक्ष कर का एक घटक है, इस अवधि के दौरान 75 प्रतिशत बढ़कर 44,500 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 25,415 करोड़ रुपये था। आंकड़ों में बताया गया कि समीक्षा अवधि में 3.74 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया है, जो कि पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 42.5 प्रतिशत ज्यादा है।कर संग्रह में उछाल एक मजबूत व्यापक आर्थिक वित्तीय स्थिति को दर्शाता है।यह राजकोषीय घाटे को नियंत्रित रखने में भी मदद करता है। कम राजकोषीय घाटे का मतलब है कि सरकार को कम उधार लेना पड़ता है, जिससे बड़ी कंपनियों के लिए बैंकिंग प्रणाली में उधार लेने और निवेश करने के लिए अधिक पैसा बचता है।

# ग्लोबल स्मार्टफोन मार्केट ने 2024 में की शानदार वापसी, बिक्री 4 प्रतिशत



नई दिल्ली (ए.)। ग्लोबल स्मार्टफोन मार्केट में 2024 में बिक्री को लेकर सालाना आधार पर 4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ एक जबरदस्त वापसी हुई। सोमवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।मैक्रोइकोनॉमिक सुधारों के बाद पिछले वर्षों की तुलना में कंज्यूमर सेंटीमेंट बेहतर रहा। काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार, इससे पहले 2023 में स्मार्टफोन की बिक्री एक दशक में सबसे कम रही।रिसर्च डायरेक्टर तरुण पाठक ने कहा, स्मार्टफोन एक जरूरी प्रोडक्ट बना हुआ है, जो लोगों के रोजाना की जिंदगी का एक अहम हिस्सा है। जैसे-जैसे मैक्रोइकोनॉमिक दबाव कम हुआ, बाजार ने 2023 की चौथी तिमाही से रिकवरी के संकेत दिखाने शुरू कर दिए और अब लगातार पांच तिमाहियों से बढ़ रहा है। यूरोप, चीन और लैटिन अमेरिका के नेतृत्व में लगभग सभी मार्केट में वृद्धि देखी गई।सैमसंग ने 2024 में बाजार का नेतृत्व करना जारी रखा। कंपनी की एस24 सीरीज और ए-सीरीज प्रोडक्ट लाइनों की मजबूत मांग बनी रही।

रिपोर्ट के अनुसार, एस24 सीरीज एआई डिवाइस के रूप में पेश किया गया पहला फोन है, जिसने अपने पिछले सभी मॉडल से बेहतर प्रदर्शन किया। पश्चिमी यूरोप और अमेरिका में इसे खास तौर पर अच्छी प्रतिक्रिया मिली।18 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ एप्पल ने दूसरा स्थान हासिल किया। एप्पल की आईफोन 16 सीरीज को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली, जिसका कारण लॉन्च के समय एप्पल इंटेलिजेंस की उपलब्धता की कमी थी। हालांकि, एप्पल ने लैटिन अमेरिका, अफ्रीका और एशिया-प्रशांत-अन्य जैसे अपने गैर-प्रमुख बाजारों में मजबूती से विकास जारी रखा।

शाओमी ने 2024 में शीर्ष पांच ब्रांडों में सबसे तेजी से विकास किया।

रिपोर्ट में कहा गया है, ओप्पो सालाना गिरावट के साथ चौथे स्थान पर आया, लेकिन इसने साल का अंत मजबूत गति के साथ किया। भारत और चीन में मजबूत प्रदर्शन के कारण वीवो टॉप पांच में शामिल हुआ, जहां इसने साल का अंत शीर्ष रैंक वाले ओईएम के रूप में किया।

# ब्रम्ह मुहुर्त से पुण्य पर्व का पुन्य अर्जित करने श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा में लगाई आस्था की डुबकी

## मकर संक्रांति पर कड़ाके की सर्दी में तीन लाख श्रद्धालुओं ने किए स्नान



नर्मदापुरम(निप्र)। पूष मास की पूर्णिमा के बाद दूसरे दिन भी मकर संक्रांति के विशेष स्नान पर्व पर डुबकी लगाने का क्रम ब्रम्ह मुहुर्त से शुरू हो गया था। मां नर्मदा तट के प्रमुख खाटों पर मिनी कुंभ सा नजारा बन गया था। स्नान करने वालों का तांता सुबह से दोपहर तक ज्यादा लगा रहा। शहर के ही एक दर्जन घाटों पर करीब दो लाख के लगभग श्रद्धालु आए हुए थे। आस पास के मिला कर तीन लाख तक आंकड़ा पहुंच गया। जिसमें बांद्राभान और खर्राघाट पर भी काफी भीड़ रही। स्थानीय सहित दूरस्थ क्षेत्रों के श्रद्धालुओं ने नर्मदा तट पर आकर स्नान के साथ पूजन पाठ और तिल के लडडू व गर्म कपड़ों के आलावा खिचड़ी का दान कर धर्म लाभ लिया।

### सुबह से शुरू हो गए थे पूजन पाठ

शहर के मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठानों का भी सिलसिला सुबह से ही जारी रहा। स्नान के बाद अधिकांश श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचे वहां पर पूजन अभिषेक किए गए। इसी के साथ कई घरों तथा मंदिरों में भजन कीर्तन ,रामचरित मानस पाठ, सुंदर कांड के पाठ सहित अन्य अनेक धार्मिक आयोजन होते रहे। कई लोगों ने घाट पर सत्यनारायण भगवान की कथा भी कराई। कुछ लोगों ने कन्याभोज और भंडारे का भी आयोजन किया।

### बसों व ट्रेनों में पैर रखने की जगह नहीं

रेलवे ने इस बार स्पेशल ट्रेन नहीं चलाई। भोपाल तथा इटारसी की ओर से आने वाल सभी ट्रेनों बहुत भीड़ आती रही।

यहां स्टेशन पर रूकने वाली सभी ट्रेनों में स्नानार्थियों की भारी भरकम भीड़ रही। यहां तक कि किसी भी यात्री गाडी में पैर रखने की जगह नहीं थी। पैर दान तक पर लोगों की भीड़ मौजूद थी अंदर आने जाने में भी लोगों को मुश्किल हो रही थी। इसी कारण कई लोग आपात कालीन खिडकी से भी बच्चों को ट्रेन में चढा रहे थे। रेलवे को लाखों रुपए की आय अतिरिक्त हुई।

### सुबह से तेज हो गई थी सर्दी

पिछले एक सप्ताह से तेज ठंड का असर बना हुआ है। दो दिन पूर्व कुछ कम हो गई थी। लेकिन मकर संक्रांति पर और तेज ठंड हो गई। फिर भी सर्दी के आगे आस्था नहीं झुकी। विशेष स्नान पर्व के मौके पर दूरस्थ समीपस्थ और स्थानीय लोगों ने नर्मदा जी की जलधारा में खूब स्नान किए।

### बाजाार में रही जमकर रौनक

विशेष स्नान पर्व के अवसर पर शहर के सभी प्रमुख मार्गों पर बाहर से आए लोगों की भीड़ रही। मकर संक्रांति को ध्यान में रख कर प्रशासन के द्वारा जिले के सभी प्रमुख स्नान करने लायक घाटों पर व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए थे। पुलिस द्वारा जगह जगह बेरीकेटस लगाकर यातायात व्यवस्था संभाली गई। होमगार्ड की नाव से पेट्रोलिंग करते हुए घाटों पर निगरानी रखी जा रही थी।

### नौका से होती रही गस्ती

सेठानी घाट सहित अन्य घाटों पर नौका वोट से गस्ती होती रही होमगार्ड के सैनिक लगातार वोट से घाटों पर पेट्रोलिंग की जा रही थी। अनेक अधिकारी तथा होमागर्ड कमाडेंट स्वयं घाटों पर निगरानी कर रहे थे।

### गर्म खिचड़ी का किया वितरण

पूर्व वर्षों की तरह शहर के अनेक समाजसेवियों के द्वारा बाहर से आए श्रद्धालुओं को गर्म-गर्म खिचड़ी और लड्डुओं का वितरण किया जा रहा था। कुछ लोग गर्म कपड़े भी दरिद्रनारायणों का प्रदान कर रहे थे। महिलाएं भी सोहाग सामग्री का दान कर रही थी।

### मेला जैसा बना रहा माहौल

नर्मदा तट पर मेला जैसा माहौल बना रहा। छोटे दुकानदारों की भी जमकर बिक्री हो रही थी फूलमालाओं से लेकर प्रसादी तथा अन्य सामग्री की खूब बिक्री हो रही थी। रविवार होने से बाजार में बाहर से भी बड़ी संख्या में लोग आए पूरे दिन रौनक बनी रही।

# नपा ने रैन बसेरों में किए पुख्ता इंतजाम, चौक चौराहों पर जलाए अलाव



नर्मदापुरम (निप्र)। नपा द्वारा रैन बसेरों में विशेष इंतजाम किए गए और चौक चौराहों पर अलाव जलाए गए एक दिन पूर्व घाटों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया था।

### नपा ने की विशेष व्यवस्था

श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए नगरपालिका द्वारा घाटों पर चॉक चौबंद व्यवस्था की गई थी। अलसुबह स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए घाटों पर अलाव जलाए गए। मां नर्मदा के घाटों पर हाका दल अतिक्रमण दल और स्वच्छतादूतों की टोली मौजूद रही। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा मकर संक्रांति पर्व पर श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए गए थे। निर्देशों का पालन करते हुए नपा की सभी टीमें अपने अपने कर्तव्य स्थल पर मुस्तैद रही।

### 'कंट्रोल रूम से विशेष सुरक्षा

मकर संक्रांति पर्व पर एक दिन पहले ही नगरपालिका द्वारा अलाव जला दिए गए थे। घाटों पर संक्रांति का पर्व लेने के लिए रुके हुए श्रद्धालुओं ने अलाव का सहारा लिया। वहीं कंट्रोल रूम से सुरक्षा और स्वच्छता को लेकर उदघोष किए जा रहे थे। स्वच्छता अभियान के तहत घाटों पर विशेष व्यवस्था की गई थी।




## प्रभारी मंत्री ने केसला में नवनिर्मित तहसील भवन का लोकार्पण किया

नर्मदापुरम(निप्र)। प्रदेश के लोक निर्माण एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने मंगलवार को केसला में 1 करोड 24 लाख रूपये की राशि से निर्मित तहसील भवन का लोकार्पण किया। तहसील भवन में तहसीलदार कक्ष एवं अन्य कक्ष बनाए गए है। प्रभारी मंत्री ने सभी कक्षों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होने कक्षा छटवीं की छात्राओं प्रार्थना, सलोनी, प्रेमलता, परी एवं मीना को साईकिल का वितरण किया। प्रभारी मंत्री ने स्वामित्व योजना के तहत हितग्राहियों को पट्टा प्रदान किया तथा शत प्रतिशत परीक्षा परीणाम देने वाले गौंचीतरोंदा के प्राचार्य रविन्द्र अभियंकर, जुझारपुर के प्राचार्य एवं भट्टी के प्राचार्य को सम्मानित किया। प्रभारी मंत्री ने आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 5-5 लाख रूपये की राशि से ईलाज करा चुके रामनारायण एवं नितेश कुमार को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं एशीयन मिनी गोल्फ चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले हर्षिता चौरे को प्रशंसा पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगो को संबंधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि अब केसला विकास की दौड में पीछे नहीं रहेगा।

# समेरिटंस ग्रुप में उत्साह से मनाया मकर संक्रांति पर्व



नर्मदापुरम (निप्र)। समेरिटंस ग्रुप के विद्यालयों में मंगलवार को मकर संक्रांति का पर्व उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान सांदीपनी परिसर नर्मदापुरम में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किएए जबकि प्रमोद शर्मा ने पर्व का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें सामाजिक एकता और समन्वय का संदेश देता है। समूह में पिपरिया और सोहागपुर विद्यालय में बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर सूर्य ओर पतंग बनाई।

# नर्मदा जयंती के तहत आयोजित दीपदान में आटे एवं पत्तल के दियो का उपयोग हो : प्रभारी मंत्री

## नर्मदा जयंती के दिन आम जनों को घाटों पर पहुंचने में कोई असुविधा न हो , प्रशासन लोगों की राह आसान बनाएं



नर्मदापुरम(निप्र)। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने मंगलवार को नर्मदा जयंती के आयोजन के संबंध में सक्षम समिति की बैठक ली। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए की नर्मदा जयंती के अवसर पर घाटों पर दीपदान करने की परंपरा रही है। दीपदान में आटे के एवं पत्तल के दियो का उपयोग किया जाए। प्लास्टिक पूर्णतः प्रतिबंधित रहे। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए की नर्मदा जयंती के अवसर पर आम श्रद्धालुओं को भी कोई दिक्कत का सामना ना करना पड़े वह आसानी से घाटों पर पहुंच सके, इसके लिए जिला प्रशासन श्रद्धालुओं की राह आसान बनाएं। उन्हें अनावश्यक रूप से घाटों तक जाने से ना रोके। प्रभारी मंत्री ने कहां की नर्मदा जयंती के अवसर पर विभिन्न घाटों पर काफी भीड़ रहती है तो ऐसे में वॉस टावर के आसपास अनाउंसमेंट की व्यवस्था हो। लोग आकर अपनी परेशानी बता सके। वॉस टावर पर पुलिस के जिम्मेदार अधिकारियों की तैनाती की जाए। ताकि वे लोगों की समस्या धैर्य से सुन सके। प्रभारी मंत्री ने कहा कि सेठानी घाट पर बनाए जाने वाले जल मंच पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके पूर्व कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने नर्मदा जयंती के आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि नर्मदा जयंती का महोत्सव 2 से 3 दिन तक आयोजित किया जाएगा। 3 फरवरी को नगर पालिका द्वारा प्रस्तावित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दिन प्रात 9ः00 बजे से मंगलाचरण, मां नर्मदा का पूजन अर्चन, आंदराजलि के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही रंगोली चित्रकला की प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। लोक गायन होगा , वही 4 फरवरी नर्मदा जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री जी का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री जी का शाम 5ः00 बजे आगमन होगा। कन्या पूजन, अतिथियों द्वारा नर्मदा आरती एवं पूजन का कार्य के कार्यक्रम के पश्चात अतिथियों का उद्धभोदन होगा। उसके पश्चात नगर पालिका द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन देर रात्रि तक किया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि सेठानी घाट पर बनाए जाने वाले जल मंच की क्षमता का प्रमाण पत्र जल संसाधन विभाग द्वारा दिया जाएगा। जल मंच पर 80 लोगों के बैठने की क्षमता रहेगी।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा "शिवरानी भवन", क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com